वेबसाईट : www.abvp.org पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई-मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 8 फरवरी 2023

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

विभिन्न राज्यों में राष्ट्रीय एकात्मता यात्रियों के अभिनंदन में कार्यक्रमों का आयोजन।

SEIL (सील) यात्रियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में हो रहे 'विविधता में एकता' के दर्शन।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 'अंतर-राज्य छात्र जीवन दर्शन' (SEIL) के अंतर्गत 'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा-2023' में पूर्वोत्तर राज्यों के 450 युवाओं के 16 समूहों की देश के अलग-अलग राज्यों में चल रही यात्रा के प्रतिनिधि आज क्रमशः मथुरा, अमृतसर, अहमदाबाद,जम्मू, भिवानी, कुल्लू, इंदौर, रीवा, यवतमाल, बंगलौर, कोझिकोड, विशाखापत्तनम, हुबली, मुंबई तथा रायपुर में हैं।

उपर्युक्त शहरों में 'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' के 16 समूहों का अभिनंदन तथा स्वागत हुआ, इन स्वागत कार्यक्रमों में स्थानीय संस्कृति तथा पूर्वोत्तर की संस्कृति के समन्वय की सुंदर झलक दिखाई दी। साथ ही इन शहरों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें स्थानीय जन तथा पूर्वोत्तर के युवाओं दोनों द्वारा अलग-अलग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा संवाद हुआ।

'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' की सह-समन्वयक दारिलिन तांग ने कहा कि,"पूर्वोत्तर भारत की संस्कृति भारत की समृद्ध विरासत का महत्वपूर्ण पक्ष है। 'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' के प्रतिनिधि विभिन्न शहरों के परिवारों में निवास कर अपनी मातृभूमि के उदात्त तत्वों को सहज और सरल ढंग से आत्मसात कर रहे हैं। यह यात्रा प्रतिनिधियों में एकात्म भाव के प्रति नई ऊर्जा का संचार करने की दिशा में बेहद सफल सिद्ध हो रही है।"

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि," 'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' में शामिल युवाओं को एक नए सकारात्मक दृष्टिकोण से प्रतिदिन अनेक बातों को सीखने के अवसर मिल रहे हैं। यह यात्रा देश के अलग-अलग राज्यों के लोगों के लिए भी पूर्वोत्तर को जानने का माध्यम बन रही है। विभिन्न स्थानों पर हो रहे सार्वजनिक कार्यक्रमों के द्वारा राष्ट्रीय एकात्मता यात्रियों को 'विविधता में एकता' को प्रत्यक्ष अनुभव करने का अवसर मिल रहा है।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)